आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून में राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला भी रखी।
- श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में छात्रों से बातचीत की। दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कल भराड़ीसैण में कार्यक्रम का आयोजन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भराड़ीसैंण पहुंचे। विभिन्न देशों के राजदूत भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने पौड़ी और रूद्रप्रयाग जिलों की नवनियुक्त आंागनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

**<u>राश्ट्रपति देहरादून दौरा</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देहरादून में राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन का उद्घाटन किया। उन्होंने आगंतुक सुविधा केंद्र और कैफेटेरिया सहित सार्वजनिक सुविधाओं का भी उद्घाटन किया। साथ ही राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखी। 132 एकड़ में फैला राष्ट्रपति उद्यान का सार्वजनिक पार्क दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से सुलभ होगा। इसका उद्देश्य नागरिकों के बीच स्वास्थ्य, संस्कृति और नागरिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक जुड़ाव केंद्र बनना है। इस अवसर पर राष्ट्रपति निकेतन, तपोवन और राष्ट्रपति उद्यान की जैव विविधता पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तक में राष्ट्रपति निकेतन, तपोवन और उद्यान की 300 से अधिक वनस्पतियों और 170 से अधिक जीवों की प्रजातियों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें तितलियाँ, पक्षी और स्तनधारी शामिल हैं। राष्ट्रपति तपोवन, 24 जून से और राष्ट्रपति निकेतन, पहली जुलाई से आम जनता के लिए खुले रहेंगे।

श्रीमती मुर्मू ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान का दौरा भी किया और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने मॉडल स्कूल विज्ञान प्रयोगशाला और कंप्यूटर प्रयोगशाला के साथ ही एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकों की मदद से दिव्यांगजन भी मुख्यधारा में अपना योगदान दे सकते हैं।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 में दिव्यांग बच्चों को अन्य बच्चों के समान अच्छी शिक्षा के अवसर प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सुगम्य भारत अभियान के माध्यम से सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और समान भागीदारी के लिये प्रयत्नशील है।

राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों की प्रतिभा को निखारने के लिये सभी लोगों से सहयोग का आह्वान किया।

## मुख्यमंत्री भराड़ीसैंण

प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैण में कल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए पुष्कर सिंह धामी आज भराडीसैंण पहुंचे। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ ही विभिन्न देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भी भाग लेंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए चमोली जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया गया है।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आज राजकीय महाविद्यालय, रुद्रप्रयाग में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षिका नेहा पंवार ने प्रतिभागियों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का सटीक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

## पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस

राजभवन में आज पश्चिम बंगाल राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सहित उत्तराखण्ड में निवास कर रहे पश्चिम बंगाल के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के लोगों ने अपनी समृद्ध संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला, नृत्य और साहित्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि बंगाल की भूमि, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के जन जागरण की प्रेरणा रही है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें एक–दूसरे की संस्कृति, भाषा और परंपराओं को जानने का अवसर देते हैं, बल्कि भारत की 'अनेकता में एकता' की भावना को भी प्रबल करते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में मनाए जाने वाले विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य स्थापना दिवस पर आधारित कॉफी टेबल बुक ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' का विमोचन किया।

## नियुक्ति पत्र

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने आज पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में पौड़ी और रूद्रप्रयाग जिलों की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान रुद्रप्रयाग जिले में 202 और पौड़ी जिले में 697 आंगनबाड़ी और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर श्रीमती आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद केवल रोजगार नहीं, बल्कि सेवा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है। आंगनबाड़ी केंद्र हमारी योजना के सबसे आधारभूत स्तंभ हैं और

इन कार्यकत्रियों की भूमिका मातृ व शिशु स्वास्थ्य, पोषण, पूर्व–प्राथमिक शिक्षा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में होती है। उन्होंने कहा कि विभाग में उच्च शिक्षित बेटियां जुड़ रही हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट सेवाएं दे रही हैं। श्रीमती आर्या ने सभी नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को बधाई देते हुए उनसे संवेदनशीलता, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**अस्पातल निरीक्षण**

बागेश्वर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल के ओपीडी काउंटर, जन औषधि केंद्र, इमरजेंसी यूनिट, शौचालयों, पंजीकरण केंद्र और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी पंजीकरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए टोकन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल की स्वच्छता पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मरीजों और तीमारदारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

**वाहन प्रतिबंध**

अल्मोड़ा–हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक हल्के और भारी वाहनों का तीन जुलाई तक संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इस दौरान वाहन वैकल्पिक मार्गों से आवाजाही करेंगे। इस मार्ग पर मलबा और बोल्डर गिरने के कारण खतरा बना हुआ है। राजमार्ग के क्वारब पुल के पास हिल साइड की ओर करीब 200 मीटर लंबाई में भूस्खलन जोन बन गया है। इसी को देखते हुए सुलभ और सुरक्षित यातायात के लिए क्षतिग्रस्त भाग में पहाड़ी की ओर हिल कटिंग कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान वाहनों का संचालन अल्मोड़ा–विश्वनाथ –शहरफाटक, खैरना–रानीखेत मोटर मार्ग से होगा। इस संबंध में अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 109 में क्वारब पर पहाड़ी से पत्थर, मलबा आदि कुछ–कुछ समय अंतराल पर गिरना जारी है। इस कारण राजमार्ग, रात्रि में यातायात के लिए असुरक्षित है। ऐसे में राजमार्ग को गुरुवार रात से तीन जुलाई तक रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक हल्के और भारी वाहनों के लिए बंद किया गया है।